नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 28

No. of Printed Pages – 12

# SS-31-Bus. Studies

## व्यवसाय अध्ययन (BUSINESS STUDIES)

### उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2021

**समय : 3¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

**GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :**

OFFICE COPY

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर अपना नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidates must write his / her Roll Number on the question paper.

(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**All** the questions are compulsory.

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer of each question in the answer sheet only.

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For question having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

(5) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

(6) प्रश्न पत्र के हिंदी व अंग्रेजी रूपांतरण में किसी प्रकार की त्रुटि / अंतर / विरोधाभास होने पर हिंदी भाषा के प्रश्न को ही सही माने ।

If there is any kind of error/difference/contradiction in the Hindi and English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

(7) प्रश्नों का अंक भार निम्नानुसार है ।

Weightage of marks for the question is as follows.

| खण्ड | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न | कुल अंक भार |
|---|---|---|---|
| **खण्ड – अ (A)** | 1 (i to x), 2 to 11 = 20 | 1 | 20 |
| **खण्ड – ब (B)** | 12 to 19 = 8 | 2 | 16 |
| **खण्ड – स (C)** | 20 to 23 = 4 | 4 | 16 |
| **खण्ड – द (D)** | 24 to 25 = 2 | 5 | 10 |
| **खण्ड – य (E)** | 26 to 28 = 3 | 6 | 18 |

OFFICE COPY

## खण्ड – अ

## SECTION – A

दिए गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

Answer the given questions and select the correct option and write it in the answer book.

1. बहुवैकल्पिक प्रश्न

(Multiple Choice questions) **1 × 10 = 10**

(i) 'उद्देश्यों द्वारा प्रबन्ध' के प्रतिपादक हैं

(अ) हेनरी फेयोल (ब) पीटर एफ ड्रकर

(स) उर्विक (द) विलियम औची

The propounder of 'Management By Objectives' is

(A) Henri Fayol (B) Peter F. Drucker

(C) Urvik (D) William Ouchi **1**

(ii) हर्जबर्ग के स्वास्थ्य घटक में सम्मिलित है

(अ) उपलब्धियाँ (ब) कार्य दशाएँ

(स) विकास (द) उत्तरदायित्व

OFFICE COPY

Herzberg's Hygiene factor includes

(A) Achievements (B) Working Conditions

(C) Development (D) Responsibility **1**

(iii) उत्पादित वस्तुओं को उनकी किस्म तथा उनके गुणों के अनुसार विभिन्न वर्गों में बाँटना, कहलाता है –

(अ) ब्राडिंग (ब) लेबलिंग

(स) छंटनी (द) श्रेणीयन

Dividing the goods produced into different classes according to their type and quality, is called –

(A) Branding (B) Labelling

(C) Sorting (D) Grading **1**

(iv) "उद्यमिता को वातावरण के सृजनात्मक एवं नवाचारी प्रत्युत्तर के रूप में वर्णित किया जा सकता है ।" यह परिभाषा है –

(अ) एच.एन. पाठक (ब) हावर्ड जॉनसन

(स) प्रो. राव एवं मेहता (द) फ्रेंकलिन

"Entrepreneurship can be describe as creative and innovation response to the environment." This definition is –

(A) H. N. Pathak (B) Howard Johnson

(C) Prof. Rao and Mehta (D) Franklin 1

(v) बीमा एजेन्ट के लिए न्यूनतम आयु है

(अ) 21 वर्ष (ब) 25 वर्ष

(स) 18 वर्ष (द) 22 वर्ष

Minimum age for insurance agent is

(A) 21 Years (B) 25 Years

(C) 18 Years (D) 22 Years 1

OFFICE COPY

(vi) ग्राहकों के प्रति प्रबन्ध का सामाजिक उत्तरदायित्व है

(अ) सुरक्षा

(ब) मांग व पूर्ति में संतुलन

(स) प्रमाणित किस्म की वस्तुएँ उपलब्ध कराना

(द) क्रय की उचित शर्तें

Social responsibility of management towards consumers is

(A) Security

(B) Balance in demand and supply

(C) Provide certified quality of product

(D) Suitable conditions of purchases 1

(vii) 'Administration Industrielle at Generale' पुस्तक के लेखक हैं

(अ) उर्विक (ब) टेलर

(स) ड्रकर (द) हेनरी फेयोल

The Writer of the book 'Administration Industrielle at Generale' is

(A) Urvik (B) Taylor

(C) Drucker (D) Henri Fayol 1

(viii) अभिप्रेरणा की 'एक्स' व 'वाई' विचारधारा के प्रतिपादक हैं

(अ) मेकग्रेगर (ब) मास्लो

(स) हर्जबर्ग (द) विलियम औची

Propounder of 'X' and 'Y' theory of motivation is

(A) McGregor (B) Maslow

(C) Herzberg (D) William Ouchi 1

(ix) उद्यमिता की विशेषता है

(अ) देश के आर्थिक विकास का आधार

(ब) नवीन उपक्रमों की स्थापना

(स) उच्च उपलब्धियों की आकांक्षा का परिणाम

(द) विद्यमान उपक्रमों का विकास

OFFICE COPY

The characteristic of entrepreneurship is

(A) Basis of economic development of the nation

(B) Establishing new enterprises

(C) Result of high achievement

(D) Expansion of existing enterprises 1

(x) प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लिए आयु सीमा है

(अ) 20 वर्ष से 70 वर्ष (ब) 18 वर्ष से 70 वर्ष

(स) 25 वर्ष से 60 वर्ष (द) 5 वर्ष से 18 वर्ष

The age limit for Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojna is

(A) 20 years to 70 years (B) 18 years to 70 years

(C) 25 years to 60 years (D) 5 years to 18 years 1

प्रश्न संख्या **2** से **8** तक प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए :

Q. No. **2** to **8**, Answer the questions in one line : **1 × 7 = 7**

2. नेतृत्व का अर्थ बताइए ।
   Mention the meaning of leadership.

3. बीमा में प्रीमियम का भुगतान कौन करता है ?
   Who paid the premium in insurance ?

4. सामाजिक सुरक्षा का आशय लिखिए ।
   Write the meaning of Social Security.

5. किसी कम्पनी को निगमीय सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यों पर कितना खर्च करना होगा ?
   How much will a company spend on corporate social responsibility functions ?

6. शुद्ध जोखिम क्या है ?
   What is pure risk ?

7. उद्यमिता का अर्थ बताइए ।
   Mention the meaning of entrepreneurship.

8. वृद्धावस्था बीमा क्या है ?
   What is old age insurance ?

रिक्त स्थानों की पूर्ति करते हुए उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

Fill in the blank and write in the answer book given. **1 × 3 = 3**

9. व्यापारी प्रीमियम का उदाहरण है ______
   An example of trade premium is ______.

10. उद्यमिता ______ प्रधान अभिवृत्ति है ।
    Entrepreneurship is the _______ main stream.

11. समाज के विभिन्न वर्गों के हितों हेतु की जाने वाली विभिन्न सामाजिक क्रियाएँ तथा गतिविधियाँ ______ कहलाती हैं ।
    ______ is all the social works and actions which corporate take for the benefit and in the interest of the society as a whole.

OFFICE COPY

## खण्ड – ब

## SECTION – B

प्रश्न संख्या **12** से **19** तक प्रत्येक **दो** अंक का है ।

Question No. **12** to **19** each question carry **two** marks. **2 × 8 = 16**

12. व्यावसायिक प्रबन्ध के क्रियात्मक क्षेत्र में विपणन प्रबन्ध को समझाइए ।

Explain the marketing management in operational area of business management.

13. एक प्रबन्धक के रूप में, 'प्रबोधक' की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।

As a manager, explain the role of 'Monitor'.

14. मास्लो की अहंकारी आवश्यकताएँ क्या हैं ?

What is the ego needs of Maslow ?

15. 'निर्देशन' शब्द को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the word 'Direction'.

OFFICE COPY

16. एक प्रबन्धक के रूप में, 'प्रसारक' की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।

As a manager, explain the 'Dissemination' role.

17. "नेतृत्व एक गतिशील प्रक्रिया है ।" कैसे ?

"Leadership is a dynamic process." How ?

18. आपकी राय में, उद्यमिता विकास कार्यक्रम औद्योगिक वातावरण का निर्माण कैसे करता है ?

In your opinion, how does the entrepreneurship development programe build industrial environment ?

19. एक सफल उद्यमी के कोई दो मानसिक गुणों को लिखिए ।

Write any two mental qualities of successful entrepreneur.

## खण्ड – स

## SECTION – C

प्रश्न संख्या **20** से **23** तक प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

Answer the question No. **20** to **23**. **4 × 4 = 16**

20. एक प्रबन्धक के रूप में, सामाजिक उत्तरदायित्व की अवधारणा के जीवन की गुणवत्ता प्रबन्ध प्रारूप को समझाइए ।

As a manager, explain the quality of life management phase of concept of social responsibility.

**अथवा/OR**

एक प्रबन्धक के रूप में, सरकार के प्रति प्रबन्ध के सामाजिक उत्तरदायित्व के किन्हीं चार बिन्दुओं को समझाइए ।

As a manager, explain any four points of social responsibility of management towards government.

OFFICE COPY

21. प्रबन्ध के निम्न सिद्धान्तों को समझाइए :

(i) समता (ii) प्रेरणा

Explain the following principles of Management :

(i) Equity (ii) Inspiration

**अथवा/OR**

प्रबन्ध के निम्न सिद्धान्तों को समझाइए :

(i) अनुशासन (ii) व्यवस्था

Explain the following principles of management.

(i) Discipline (ii) order

22. ब्रांडिंग क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए ।

Why branding is essential ? Explain.

**अथवा/OR**

विज्ञापन मध्यस्थों के लिए क्यों महत्वपूर्ण है ? किन्हीं चार बिन्दुओं को समझाइए ।

Why advertising is important for middle men ? Explain any four points.

23. आपके विचार से, उद्यमिता परिवर्तनों का परिणाम कैसे है ? समझाइए ।

In your point of view, how does an entrepreneurship is the result of different changes ? Explain.

**अथवा/OR**

आपके विचार से, उद्यमिता सामाजिक परिवर्तन में कैसे सहायक है ? समझाइए ।

In your point of view, how does an entrepreneurship helps in social change ? Explain.

## खण्ड – द

## SECTION – D

प्रश्न संख्या **24** से **25** तक प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **2 × 5 = 10**

Answer the question No. **24** to **25**.

OFFICE COPY

24. अभिप्रेरणा की किन्हीं पाँच अवित्तीय तकनीकों का वर्णन कीजिए ।

Describe any five non-financial techniques of motivation.

**अथवा/OR**

अभिप्रेरणा की विलियम औची की 'जेड' विचारधारा के किन्हीं पाँच बिन्दुओं का वर्णन कीजिए ।

Describe any five points of William Ouchi 'Z' theory of motivation.

25. स्वयं के प्रति प्रबन्ध के सामाजिक उत्तरदायित्व के किन्हीं पाँच बिन्दुओं को समझाइए ।

Explain any five points of social responsibility of management towards one self.

**अथवा/OR**

अपनी संस्था के प्रति प्रबन्ध के सामाजिक उत्तरदायित्व के किन्हीं पाँच बिन्दुओं को समझाइए ।

Explain any five points of social responsibility of management towards one's organisation.

## खण्ड – य

## SECTION – E

प्रश्न संख्या **26** से **28** तक प्रश्नों के उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए ।

Answer the question No. **26** to **28** in about **150** words. **3 × 6 = 18**

26. 'व्यूहरचनात्मक प्रबन्ध' क्यों महत्वपूर्ण है ? किन्हीं छः बिन्दुओं को समझाइए ।

Why the 'Strategic Management' is important ? Explain any six points.

**अथवा/OR**

'प्रबन्ध' क्यों महत्वपूर्ण है ? किन्हीं छः बिन्दुओं को समझाइए ।

Why the 'Management' is important ? Explain any six points.

**अथवा/OR**

'अपवाद द्वारा प्रबन्ध' क्यों महत्वपूर्ण है ? किन्हीं छः बिन्दुओं को समझाइए ।

Why the 'Management by exception' is important ? Explain any six points.

OFFICE COPY

27. आपकी राय में, विज्ञापन से होने वाले लाभों को समझाइए ।

In your opinion, explain the advantages of advertisement.

**अथवा/OR**

आपकी राय में, विपणन प्रबन्ध ग्राहकों के लिए क्यों महत्वपूर्ण है ? किन्हीं छः बिन्दुओं को समझाइए ।

In your opinion, why marketing management is important for consumers ? Explain any six points.

**अथवा/OR**

आपकी राय में, किन्हीं छः उपभोक्ता संवर्द्धन विधियों को समझाइए ।

In your opinion, explain any six consumer promotion methods.

28. सामाजिक दृष्टि से बीमा क्यों महत्वपूर्ण है ? किन्हीं छः बिन्दुओं को समझाइए ।

Why insurance is important from social point of view ? Explain any six points.

**अथवा/OR**

राष्ट्रीय दृष्टि से बीमा क्यों महत्वपूर्ण है ? किन्हीं छः बिन्दुओं को समझाइए ।

Why insurance is important from national point of view ? Explain any six points.

**अथवा/OR**

बीमा के किन्हीं तीन प्राथमिक एवं तीन सहायक कार्यों को समझाइए ।

Explain any three primary and three secondary functions of insurance.

OFFICE COPY

DO NOT WRITE ANYTHING HERE

OFFICE COPY